یابد و آن درنده جنگل و چیر هر گاه بدست من کشته شود اعضا او را شما خواهید خورد

सर्ग-५५

उत्तरीय का गिराना

रावण के ले जाने के समय सीता ने किसी अपने को नहीं देखा अनायास उन्होंने पर्वत पर पांच वानर देखे। उन्होंने उत्तरीय के वस्त्रों में से, जो देखने में सोने के समान लगते थे, दूसरे वस्त्रों के साथ उनके बीच डाल दिया और हृदय में सोचा कि यह रामचन्द्र से कहेंगे। उन सबने जिनकी आँखें बड़ी और पीली थीं रावण और सीता की ओर देखा। उसके बाद रावण सीता को दोनों हाथों में पकड़कर पम्पा सरोवर (तालाब) से और दूर हो गया। आकाश के मार्ग से वन, पर्वत और नदी अति शीघ्र पार कर लिये और सागर को भी जो तिमि (एक प्रकार की मछली) तथा नाकों (मगरमच्छ) आदि से भरे थे, पार कर लिया और आकाश से सिद्धों ने कहा कि दस सर वाले की मृत्यु आ पहुँची, और सीता को लेकर लंका शहर में प्रवेश किया, और उनकी धन के समान सुरक्षा करता था। और कर्मचारियों और एक राक्षस को आदेश दिया कि यह स्त्री मखारीद, मरजान (मोती), सूप, अजन और चन्दन जो कुछ मांगे सब दे दो और जो भी कोई बात जाने या अनजाने में उसकी इच्छा के विरुद्ध कहेगा, मारा जायेगा। राक्षसों ने उसकी बात मानी और स्वयं महल में चला गया और अभी दुविधा में था कि क्या करूँ कि अचानक आठ राक्षस दिखाई दिये। उनको आज्ञा दिया कि हर प्रकार के हथियार सजाकर और वस्त्र पहनकर शीघ्रता से जिनों के स्थान पर, उस स्थान पर जहाँ खर आदि थे और सब मारे गये, जाओ और वहाँ एक शक्तिशाली व्यक्ति है। मैंने सुना है कि उसने खर और दूषण आदि को मार डाला है। उसका नाम राम है। मुझे उससे शत्रुता हो गयी है। प्रतिशोध की इच्छा रखता हूँ। जब तक उसे मार नहीं दूँगा, नहीं सोऊँगा। उसको अभी मारूँगा ताकि अपना उद्देश्य पूरा करूँ। जैसे कि कोई निर्धन धन पा लेता है और वह वल्कल (पेड़ों की छाल से बना वस्त्र) और चीर धारण करने वाला जिस समय मेरे हाथ से मारा जायेगा तुम सब उसके अंगों को खाओगे

حالا شما و آنجا جن استهان باشد بهشیاری اقامت گزینید و تدبیر گشتن رام نمائید و شما را به تخصیص همین فرمان است که سر رام بیارید راچهسان قبول کرده راون را نمسکار نموده لنکا را گذاشته بسمت جن استهان روان شدند و راون سیتا را

یافته با رام دشمنی نموده خوشوقت بود درینجا صورت رکهه و بر دو درختان و طیور و آهو و شیر و پرندها و زیر درخت مکان رکهان و میان قلهٔ کوه و بر آن پنج بوزنه سگریو و هنومان و غیره نشسته و راون سیتا را در بغل گرفته بآسمان میرود و سیتا پیرایه زر در بر بوزنها انداخت



अब तुम सब वहाँ, जो जनस्थान है, सतर्कता से रहो और राम को मारने की योजना बनाओ। और तुमको विशेष रूप से मेरा यही आदेश है कि राम का सर लाओ। राक्षसों ने स्वीकार करते हुए रावण को नमस्कार किया और लंका को छोड़कर जन स्थान की ओर चले गये। और इधर रावण सीता को पाकर राम की शत्रुता में व्यस्त था।

ऋषि का चित्र और उस पर वृक्ष, पक्षी, हिरन और शेर है, वृक्ष के नीचे और पर्वत की चोटी के मध्य ऋषि का मकान है, उस पर पाँच बन्दर सुग्रीव और हनुमान आदि बैठे हैं, रावण सीता को पकड़े हुए आकाश की ओर जा रहा है और सीता सुनहरे वस्त्र वानर के सर पर डाल रही हैं।



سرکب بیان لنکا راون هشت راچهس را برای بودن جن اسنبان فرستاد گارا
کرده اعتبار ننمود و سیتا را در خانه خوب داخل کرد او با روی اشک ریزان ولبان
گرد آلود مانند مسکینان بود چنانچه ماده آهو از آهوان دور افتد و او در حالت سرنگونی
وپارچه کهنه هم زیبا بود چنانچه ماهتاب شب در میغ و راون او را در مکان نفیس در آورد
که در آن هزاران غرفه و شبک بود و هزاران عورات برای پرستاری بودند
و اقسام طیور بسیار و انواع جواهر بسیار و ستونهای زر و عاج و پهتاک و نقره
و بجر یعنی الماس و بید وریه پشتر بودند و بر درها نقارهای دپ و دیگر ساز مینواختند
با سیتا راه نردبان طلائی مرصع بالا بر آمد و در آنجا از عاج و نقره دریچه ها نظر کرده بام
زرین مناظرها دید و با اقسام جونه جواهر زمین او را بنمود و تالابهای کلان با نواع
درختان اینهمه را مشاهده کنانیده گفت که ده کرور راچهس در بندگی من اند و سی و
دو کرور دیگر زور آورتر اند و اینهمه را خداوند منم و هزار هزار راچهس را انک یک سردار است
اینقدر لشکریان من اند که هرگز نمیرند و پیر نمیشوند اینهمه راج تابع تست زیرا که تو مرا از جان
عزیزتر هستی و هزاران عورات نزد و چه مرا تو مخدومه شوی البته من باش اگر گفته من بخاطر
می آید بر من مهربان شو که مغلوب شهوتم و ترا در لنکا اینطرف دریا شور که پهنای آن
چهار صد کروه است آورده ام آنقدر هم با سر و ا سر نتواند گرفت و نیز در دیوتا و کند هرب

सर्ग-५६

लंका का वर्णन

रावण ने आठ राक्षसों को जन स्थान पर रहने के लिये भेजा। और कार्य करके विश्वास किया और सीता को अच्छे महल में रखा। सीता रोते हुए मुख और मिट्टी लगे वस्त्र पहने दीनहीन की भाँति थी जैसे कि मादा हिरनी अपने समूह से दूर हो जाती है। वह सर झुकाए और गन्दे वस्त्रों में भी अच्छी लग रही थी जैसे कि वर्षा में चन्द्रमा होता है। रावण उनको अच्छे महल में लाया जिसमें हज़ारों खिड़कियाँ और झरोखे थे और हज़ारों स्त्रियाँ सेवा के लिये नियुक्त थीं। भाँति-भाँति के पक्षी और हीरे जवाहरात असंख्य थे और सोने, हाथी दाँत, चाँदी और इलमास आदि के खंभे थे और द्वार पर दब और दूसरे वादक वाद्य की ध्वनि बिखेर रहे थे। वह सीता के साथ स्वर्ण आभूषणों से सुसज्जित प्रकट हुआ और भाँति-भाँति के रत्न उनको दिखलाए और बड़े-बड़े तालाब, कुएँ और भाँति-भाँति के वृक्ष उनको दिखलाकर कहा कि दस करोड़ राक्षस मेरे कर्मचारी हैं। बत्तीस करोड़ उनसे भी अधिक शक्तिशाली है और उन सबका राजा मैं हूँ। और हज़ार हज़ार राक्षस पर एक-एक सरदार हैं। मेरी इतनी अधिक सेना है कि वह कदापि न मरेंगे और न वृद्ध होंगे। यह सब राज्य तुम्हारे आधीन है क्योंकि तुम मुझे प्राणों से भी अधिक प्रिय हो और मेरी हज़ार स्त्रियों की तुम मेरी पटरानी बन जाओ। यदि मेरा कहा हुआ समझ में आता है तो मुझ पर दयालु हो जाओ क्योंकि मुझ पर वासना का नशा चढ़ा है। मैं तुम्हें लंका में समुन्द्र के उस ओर जिसकी दूरी चार सौ कोस है, लाया हूँ इन्द्र भी नहीं ले सकता

وجهه ده مهر که به زور من که مقابل تواند شد رام از راج افتاده که مسکین و کم عمر آدمی
پیاده است چه خواهد کرد و جوانی تو هم دایم نخواهد ماند لهذا مرا شوهر خود کن و از رام
شوق بردار و این خیال دور کن او در اینجا بکدام قدرت برسد که باد در راه آسمان هم نرسد
که چراغ اینجا را ضرر رساند و رهبرت لوک کسی را نمیدانم که ترا بزور از دست من ببرد پس
عورت من شده این راج کلان لنکا را تواهیشک کن انچه سابق گناه کرده بودی
جزای آن در بودن صحرا گذراندی و آنچه نیکوی کرده ثمره آن این راج لنکا بگیر و انیک مالاها
و خوشبوها بگیر و بان پهپک نام که از کبیر گرفته ام و آن کلان هست و دلخواه است
آخر کن نشسته با من بعیش بازی مشغول شو و نازک بدن تو که خوب است قابل غم نه و ریاضت دبرم
سرم بیا تو که بر بنده لطفی کن و این از کسی نگفته ام چون این بگفت دانست که سیتا بمن میل کرده و را انواع تسلی نمود

اینجا صورت لنکا و راون و سیتا



और देवताओं, गन्धर्व, यक्ष और महर्षियों में से कौन मेरी शक्ति के सामने आ सकता है ?राम जो राजगद्दी से वंचित, अल्प आयु और पैदल है, वह क्या कर लेगा ?और तुम्हारा यौवन भी सदा नहीं रहेगा। अतः मुझे अपना पति बना लो और राम से अलग हो जाओ। यह विचार कर लो कि वह किस दैवीय शक्ति के चमत्कार के द्वारा यहाँ पहुँचेगा ?क्योंकि वायु भी आकाश के रास्ते से यहाँ नहीं पहुँचती है कि दिया को यहाँ क्षति पहुँचाए। मैं तीनों लोक में किसी को नहीं जानता हूँ कि तुम्हें शक्ति के बल पर मेरे हाथ से ले जा सके। अतः मेरी स्त्री बनकर लंका का यह बड़ा राज्य स्वीकार करो। जो कुछ पिछला पाप तुमने किया था उसका प्रायश्चित्त तुमने वन में कर लिया और जो कुछ पुण्य किया है उसके बदले में लंका का यह राज्य ले लो। यह माला और सुगन्ध ले लो और पुष्पक विमान पर, जो मैंने कुबेर से लिया है वह बड़ा है और दिल लुभाने वाला है, उस पर बैठकर मेरे साथ सुख भोगो। तेरा कोमल शरीर जो बहुत सुन्दर है दुख के योग्य नहीं है। धर्म की तपस्या समाप्त करो, मेरा सर तुम्हारे चरणों में है, कि मुझ पर दया करो और मैंने यह बात किसी से नहीं कही है। उसने जब यह बात कही तो समझा कि सीता मेरी ओर आकर्षित हो गयी है और सीता को उसने विभिन्न प्रकार से सांत्वना दी।

लंका, रावण और सीता का चित्र।



هرک گفتار سیتا سیتا گفتار راون را بکار نبرده گفت راجه دشرته که مانند اندر بزرگ بود
رامچندر پسر اوست و دهرماتما مشهور بر سه لوک دراز دست کلان چشم شیر کتف از اولاد اجهواکو
او شوهر منست با لچهمن آمده ترا خواهد کشت اگر تو حضور او مرا گرفتی مانند کهر برادر خود بر زمین
خفتی و هر قدر استر که میدانی و هر قدر صورت که میکنی اینهمه پیش رام هیچ نخواهد شد چنانچه باران
پیش کرر و تیر او وجود ترا چنان بشگافد که موج گنگا ریگ را و تو خواه از اسر خواه سر خواه مار وغیره
در جنگ محروس شوی اگر رام زنده هست زندگی تو محال هرگاه تو رام را بینی با راچهسان زود
گریزی که هرگاه او بخشم آید دریای شور را خشک کند تو خود مرده و دولت تو رفته
و قوت و جوانی تو رفته حالا لنکا نگری بیوه خواهد شد و این کار عذاب ترا راحت نه بخشد
که مرا در غیبت شوهر گرفته آوردی عنقریب او با لچهمن آمده غرور ترا خواهد شکست و بر تو بارش تیر
خواهد کرد همه لشکر و اقربا با آتش قهر ترا بسوزد و اگر مانند رامچندر والی نمیبود من ترا از آتش
شاپ بسوختمی هر کرا از تقدیر ازلی موت می آید آن زن غیری را میگیرد مرا گرفته مرگ تو آمده است
خود را و راچهسان و برادران و شهر را نتوانی نگاهداشت و این وجود مرا خواه ببند خواه بکش
مقید توام و این وجود بلکه جان من هم نگاهداشتنی نیست و نمیخواهم که بماند راون چون
این سخن بشنید خاموش ماند و هیچ نگفت بعد لحظه گفت ای سیتا بشنو اگر بعد دوازده ماه
که یکسان باشد مرا قبول نکنی همه راچهسان ترا پاره پاره خواهند کرد این بگفت و حکم کرد که زنان

सर्ग-५७

सीता की वार्ता

सीता ने रावण की बात को घास बराबर समझते हुए कहा "राजा दशरथ जो धर्म के पुल के समान थे, रामचन्द्र उनके पुत्र हैं। तीनों लोक में धर्मात्मा प्रसिद्ध हैं। लम्बे हाथों वाले, बड़ी आँखों वाले, शेर जैसे कन्धे वाले और इक्ष्वाकु की सन्तान में से हैं। वह मेरे पति हैं। लक्ष्मण के साथ आकर तुझे मारेंगे। यदि तू उनके सामने मुझे पकड़ेगा तो अपने भाई खर के समान धरती पर सोयेगा। जितना तू मन्त्र जानता है और जितने रूप तू बदल सकता है राम के सामने यह सब कुछ नहीं है जैसे कि साँप छछून्दर के सामने। उनका बाण तेरे शरीर को इस प्रकार फाड़ेगा जैसे कि गंगा नदी रेत को। और तू चाहे असुर के द्वारा या सुर के द्वारा, चाहे सर्प आदि के द्वारा युद्ध में घिर जायेगा। यदि राम जीवित है तो तेरा जीवन कठिन है। जिस समय तू राम को देखेगा राक्षसों के साथ शीघ्र भाग जायेगा। जिस समय उन्हें क्रोध आता है, समुन्द्र को सुखा देते हैं। तू स्वयं मुर्दा है, तेरा धन बेकार है, तेरी मानसिक अवस्था ठीक नहीं है, अब लंका नगरी विधवा हो जायेगी और यह पाप वाला कार्य तुझे शान्ति नहीं देगा। चूँकि तुम मुझे पति के न रहने पर कैद करके लाये हो। शीघ्र ही वह लक्ष्मण के साथ आकर तेरा घमण्ड तोड़ेंगे और तुझ पर बाणों की वर्षा करेंगे और तुझे सेना और सम्बन्धियों सहित क्रोध की अग्नि में जला डालेंगे। यदि रामचन्द्र जैसे मेरे पति न होते तो मैं तुझे श्राप से जला डालती। जिसके भाग्य से मौत आती है वह किसी अन्य की पत्नी लेता है। तूने मुझे जो पकड़ा है तो तेरी मौत आयी है। तू अपनी, राक्षसों, भाईयों और शहर की रक्षा नहीं कर सकता। मेरा यह शरीर, चाहे बांधो, चाहे मार डालो, निःसन्देह मैं तेरी कैद में हूँ और मेरा यह शरीर भी रक्षा करने के योग्य नहीं है। मैं नहीं चाहती कि शेष रहे। रावण यह बात सुनकर शान्त रहा और कुछ नहीं बोला। थोड़ी देर बाद उसने कहा, ऐ सीता ! सुनो यदि बारह महीने में अर्थात् एक वर्ष बाद तू मुझे स्वीकार नहीं करेगी तो सारे राक्षस तुझे टुकड़े-टुकड़े कर देंगे। उसने यह कहा और आदेश दिया कि राक्षसों की भयानक पत्नियाँ शीघ्र उपस्थित हों।

راچهسان مخوف دیدار زود حاضر شوند چون زنان گوشت وخون خواران دست بسته حاضر آمدند حکم کرد که سیتا را در اشوک بن که باغ بیرون لنکاست برند و نگهبند از وانواع ترس و سهم نمایند تا مرا قبول کند آنان سیتا را گرفته در اشوک بن رفتند در آنجا چنان درختان بودند که هر طور ثمر که خواهند فی الفور پیدا شود و گوناگون گلها میداشتند وطیوران باقسام خوش آواز بودند در انجا سیتا با غم و الم مانند ماده آهو که در قید ماده شیران باشد بود و هیچ آرام نگرفت و مدام شوهر و لچهمن را یاد میکرد

درینجا صورت اشوک بن و درختان وطیوران و سیتا و چند راچهسی های مهیب



जब माँस और रक्त खाने वाली स्त्रियाँ उपस्थित हो गयीं तो उसने उन्हें आदेश दिया कि सीता को अशोक वन में, जो लंका के बाहर एक बाग है, ले जायें और रक्षा करें और विभिन्न प्रकार से डराएँ यहाँ तक कि वह मुझे स्वीकार कर ले। वे सब सीता को लेकर अशोक वन चली गयीं। वहाँ ऐसे वृक्ष थे कि जिस प्रकार के भी फल चाहे तुरन्त उत्पन्न हो जाते थे और उन पर भाँति-भाँति के फूल थे और मधुर वाणी वाले असंख्य पक्षी थे। सीता ने वहाँ दुख के साथ मादह हिरन की भाँति जो शेरनी की कैद में थी, तनिक भी विश्राम नहीं किया और सदा अपने पति और लक्ष्मण को याद करती रहती थीं।

अशोक वन और वृक्षों, पक्षियों और सीता का चित्र और कुछ भयानक राक्षसों का चित्र।



سرگ آمدن اندر بعد داخل شدن سیتا در لنکا برهما باندر گفت برای نیکخواهی
هر سه لوک و برای کشتن راچهسان سیتا داخل لنکا شده و او پت برتا یعنی خواهان شوهر
و لایق آسایش است در قید راچهسان افتاده انتظار دیدن شوهر دارد و درین فکر است
که رام چسان بداند که من در لنکا ام مبادا بمیرد و درین کار او را شبه افتاده است
بنابران تو نزد او در لنکا رو هواوتم یعنی شیر بدو بده چون برهما چنین گفت اندر نندرا
یعنی خواب را همراه گرفته در لنکا آمد و بعد ازان بخواب گفت که همه راچهسان را بیهوش کن
او همچنان کرد پس ازان اندر با سیتا گفت من راجه دیوتا اندر نام اینجا آمده ام که رامچندر
با برادر بخیر و عافیت هست در لنکا خواهد آمد و سمدر را عبور خواهد نمود و من با نندرا یعنی خواب
جهت برآوردن مطلبی آمده ام اینک هواوتم که دیوتا کرده اند بگیر که از خوردن این ترا گرسنگی
و تشنگی تا آیت یعنی ده هزار سال نخواهد شد سیتا گفت من چسان دانم که اندر هستی
بلباسی و طرحی که حضور رام و لچهمن دیده بودم همان طور مرا بنما گفته سیتا را شنیده اندر
همچنان کرد چنانچه قدم بخاک زمین نمی آلود و مژگان برهم نمیزد و سوبهای گرد آلوده نبود
و مالا از چنان گلها که هرگز پژمرده نشوند سیتا بدین صورت اندر را دیده خوشوقت شد
و گفت چنانکه مرا خسر دشرتهه است یا راجه جنک همچنان تو هم خداوند شوهر من هستی
از گفته تو این هواوتم که لایق است یعنی شیر میخورم فی الجمله سیتا از دست اندر گرفت و اول

सर्ग-५८

इन्द्र का आना

सीता का लंका में प्रवेश करने के बाद ब्रह्मा ने इन्द्र से कहा; तीनों लोकों की भलाई के लिये और राक्षसों को मारने के लिये सीता लंका मे प्रविष्ट हुई हैं। वह पतिव्रता और सुख सुविधा के योग्य हैं। राक्षसों की कैद में है, पति को देखने की प्रतीक्षा में हैं, और इस चिन्ता में है कि राम को कैसे मालूम हो कि मैं लंका में हूँ। संभवतः वह मर न जायें और इस कार्य में उनको संदेह हो गया है। अतः तुम अतिशीघ्र लंका जाओ उन्हें दूध दो। ब्रह्मा ने जब यह कहा तो इन्द्र नींद को साथ में लेकर लंका में आये उसके बाद स्वप्न से कहा कि सारे राक्षसों को अचेत कर दो। उसने ऐसा ही किया। उसके बाद इन्द्र ने सीता से कहा मैं राजा इन्द्र नामी देवता हूँ। यहाँ यह बतलाने के लिये आया हूँ कि रामचन्द्र अपने भाई के साथ सकुशल हैं। वह लंका में आयेंगे और समुन्द्र को पार करेंगे। मैं नींद के साथ एक उद्देश्य को पूरा करने के लिये आया हूँ। और वह यह है कि उत्तम हविष्य (दिव्य खीर) जो करदह के देवता हैं ले लीजिये। उसको खाने के बाद भूख प्यास हजार वर्ष तक नहीं लगेगी। सीता ने कहा मैं कैसे जानूं कि आप इन्द्र हैं ?जिस वस्त्र और रूप में मैंने आपको राम व लक्ष्मण के सामने देखा था वही रूप मुझे दिखाइये। सीता की बात सुनकर इन्द्र ने वैसा ही रूप धारण किया। अतः उनके पाँव धरती की मिट्टी से गंदे नहीं होते थे और पलकें नहीं झपकती थीं ओर ऐसे फूलों की माला पहने हुए थे जो कभी मुरझाते नहीं हैं। सीता इन्द्र को इस रूप में देखकर प्रसन्न हो गयीं और कहा; ‘‘मेरे लिये जिस प्रकार राजा दशरथ है या राजा जनक उसी प्रकार आप भी मेरे पति के भगवान हैं आपके कहने से मैं यह दिव्य खीर पी लेती हूँ। अतः सीता ने इन्द्र के हाथ से लिया और सबसे पहले

بنام شوهر و لچهمن نبویدن کرد و گفت اگر شوهر من و لچهمن زنده اند بانها برساد
واز بهکت منیخورم بدین آئین سیتا را بهواوتم یعنی شیر از اندر رسید و گرسنگی
وغیره از و برفت و در دل او محبت رامچندر افزودن گرفت بعده اندر از سیتا
اجازت گرفته بانند را یعنی خواب بخانه خود رفت درینجا صورت باغ واشجار میوه دار
وطاوس وغیره و سیتا نشسته و اندر با صورت خود آنندراجها گوشواره کمرش انداخته
و بر همه تن نشان چشم و مالا در گلو و پارچه خوب و آوند شیر از دست خود به سیتا میدهد
و همه راچهسیها را بخواب مبتلا کرده



अपने पति और लक्ष्मण के नाम निवेदन किया और कहा यदि मेरे पति और लक्ष्मण जीवित हैं तो उन्हें पहुँचे। मैं भक्ति से इसे पीती हूँ। इस प्रकार सीता को इन्द्र की ओर से दूध पहुँचा और उनकी भूख आदि सब समाप्त हो गयी और उनके दिल में रामचन्द्र का प्रेम अधिक हो गया। उसके बाद इन्द्र सीता से आज्ञा लेकर नींद के साथ अपने घर चले गये।

उपवन, मेवादार, वृक्ष और मोर आदि का चित्र- सीता बैठी हुई हैं और इन्द्र सुन्दर रूप में राजाओं की भाँति हैं और सारे शरीर पर आँख के निशान है, गले में माला है वस्त्र सुन्दर है, और एक हाथ से सीता को दूध दे रहे हैं, सारे राक्षसों को नींद में सुला दिया है।



سرگ برگشتن رامچند بالمیک رکهه مینویسد که رامچندر راچهس را که بصورت آهو بود کشته
شتاب برگشت تا سیتا را ببیند که ناگاه از پس پشت شغال که کومایو گویند بش
بشور آواز کرد رام ازا شنیده متفکر شده بخاطر کرد که شگون زبون شد
سیتا بی لچهمن شده باشد و خیر نبوده باشد این راچهس که آواز کرده
لچهمن آزا شنیده سیتا را گذاشته باشد یا خود سیتا او را فرستاده باشد
داو بجانب من روانه شده باشد بدین آئین فکر و اندیشه کنان و حالت
سیتا را در یاد گذران بطرف جن استهان روان شد ناگهان آهوان
و بهایم و طیوران از طرف چپ آواز شغب ناک کردند رام این شگونها را
دانسته گفت خیر باد ما همه را باز روان شد ناگاه لچهمن رو برو آمده و آنها را راه
دید با چهرهٔ غمناک غمزده نظر کرد رامچندر آمدن لچهمن را بسیار بد گفت و دو دست
لچهمن بدست چپ گرفته گفت دریغ لچهمن تو بد کردی که سیتا را گذاشته
اینجا آمدی مرا شبه است که خیر نیست که سیتا را راچهسی کشته یا خورده باشد
که مرا این شگونهای زشت مینماید این راچهس صورت آهو کرده مرا دور برد و خود را
هلاک کرد و سیتا دور از من و تو شده مبادا کسی او را برده یا خورده باشد یا مرده باشد

درینجا صورت صحرا و درختان و چپ و راست جانوران مثل آهو و شغال

सर्ग-५६

रामचन्द्र की वापसी

महर्षि वाल्मीकि लिखते है कि रामचन्द्र उस राक्षस को जो हिरन के रूप में था मारकर शीघ्र ही वापस हुए ताकि सीता को देखें कि अचानक पीछे से एक गीदड़ ने जिसे गोमायु कहते हैं, शोर मचाया। राम ने उसे सुनकर, चिन्तित होकर मन में सोचा कि अपशकुन है। सीता बिना लक्ष्मण के होंगी और कुशल नहीं होगी। उस राक्षस ने आवाज़ की होगी तो लक्ष्मण ने उसे सुनकर सीता को छोड़ दिया होगा या स्वयं सीता ने भेजा होगा और वह मेरी ओर आया होगा। इसी प्रकार सोचते हुए और सीता की दशा को याद करते हुए जन स्थान की ओर चले अचानक हिरनों, पशुओं और पक्षियों ने बायीं ओर से शोर मचाया। राम ने उन शकुनों को समझते हुए कहा; ''हम सबका भला हो'' फिर चल दिये अचानक लक्ष्मण सामने आ गये उनको मार्ग में दुखी मुख के साथ देखा और रामचन्द्र ने लक्ष्मण के आगमन को बहुत बुरा कहा और लक्ष्मण का हाथ बायें हाथ में पकड़कर कहा; ''लक्ष्मण ! तुमने बुरा किया कि सीता को छोड़कर यहाँ चले आये। मुझे सन्देह है कि सब कुशल नहीं है। सीता को राक्षस ने मार दिया होगा या खा गया होगा। क्योंकि मुझे यह बुरे शकुन लगते हैं। यह राक्षस हिरन का रूप धारण कर मुझे दूर ले गया और स्वयं को मार डाला और सीता मुझसे तुम से दूर हो गयी। निःसंदेह कोई उन्हें उठा ले गया होगा या खा गया होगा या वह मर गयी होगी।

و بهایم و طیور زبان و دهن کشاده آواز میکنند و رام بدست چپ لچهمن بدست راست گرفته
سخن میگوید



वन और वृक्षों का चित्र- और दाहिने बायें हिरन, गीदड़ जैसे पशुओं और बहायम एवं पक्षियों का चित्र जो मुॅह खोले हुए शोर मचा रहे हैं और राम लक्ष्मण का बायॉ हाथ अपने दाहिने हाथ में लेकर बातें कर रहे है।



سرگفتار لچهمن ت رامچندر بغیرت از لچهمن پرسید آن سیتا که تو او را کذاشت

درینجا آمدی کجاست و من از راج افتاده و فرزند کار زن کزیده را باعث تسلی کو که بی او نبود

نتوانم زیست و جچه شدن و دیوانه شدن و تمام زمین یافتن بی او آرزو ندارم اگر جه سیتا زنده ست

و کو که برآمدن من از شهر لاینفع شود و کو که مراد کیکئی برآید من برای سیتا خواهم مرد و تو بی من

خواهی رفت بهرت را راج بآسایش خواهد داد و کوشلا مراد نخواهد یافت اگر سیتا زنده است

ما باز خواهیم رفت و بی او جان را خواهم کذاشت ای لچهمن آن راچهس از دغا آواز مثل من کرد

و سیتا آن را شنیده ترا فرستاد و تو شتاب برائی دیدن من آمدی تو این کار لایق خود

نکردی بی شبه راچهسان بانتقام کهر سیتا را خوردند حالا چکنم که او را بیابم رام بدین آئین

سیتا را یاد کنان با لچهمن در جن استهان رسید در اثنای راه باز با حواس پریشان

بلچهمن گفت مرا شکون ها بد پیش می آید بسیار تصدیع تا مدتی مرا خواهند داد القصه رام

از ماندگی راه و گرسنگی و تشنگی دهن خشک شده آه سرد میکشید و برادر را ملامت میکرد و غمناک گشت

بدین حال با شرم رسید چون خالی دید هر سو دوید اصلا اثری ندید مو بر تن او برخاست

سرکن بیان شکون بد رام از آشرم برآمده با اضطراب تمام بلچهمن گفت ای لچهمن تو سیتا را کذاشته

چرا رفتی از دور ترا دیده چشم من پریده و بازو و جگر من جهید فی الفور دانستم لچهمن

از ترس و خوف گفت من از خود سیتا را نگذاشتم آواز که مانند آواز شما بشنید که مرا نگاهدار

सर्ग–६०

लक्ष्मण की वार्ता

रामचन्द्र ने विवशता के साथ लक्ष्मण से पूछा कि वह सीता जिनको तुम छोड़कर आए हो कहाँ है ?मुझसे राज्य से दूर पड़े हुए और दण्डकारण्य को अपनाए हुए से सांत्वना की कोई बात कहो कि मैं सीता बिना थोड़ी देर भी जीवित नहीं रह सकता और उनके बिना मुझे यक्ष हो जाने, देवता हो जाने और सम्पूर्ण पाने की भी इच्छा नहीं है। यद्यपि सीता जीवित हो और कहो कि मेरा शहर से आना हानिकारक होगा और कहो कि कैकेई की मनोकामना पूरी हो जायेगी। मैं सीता के लिये मर जाऊँगा और तू मेरे बिना चला जायेगा। भरत निश्चिन्त होकर राज्य करेगा और कौशल्या की मनोकामना नहीं पूरी होगी। यदि सीता जीवित है तो हम फिर जायेंगे और उनके बिना अपने प्राण दे देंगे। ऐ लक्ष्मण ! उस राक्षस ने छल से मेरी आवाज़ निकाली और सीता ने वह सुनकर तुम्हें भेज दिया और तुम शीघ्र मुझे देखने चले आये। तुमने यह अच्छा कार्य नहीं किया। निःसन्देह राक्षसों ने खर के प्रतिशोध में सीता को खा लिया। अब मैं ऐसा क्या करूँ कि उनको पा लूँ"। राम इसी प्रकार सीता को याद करते हुए लक्ष्मण के साथ जन स्थान पहुँचे। मार्ग में फिर चिन्तित होकर लक्ष्मण से कहा; "मुझे अपशकुन आ रहे हैं। यह एक समय तक मुझे कष्ट देंगे।" संक्षिप्त यह राम मार्ग की थकान और भूख प्यास के कारण मुख सूखा आह खींचते थे और भाई की निन्दा करते थे। इसी दशा में आश्रम पहुँचे। जब उसे खाली देखा तो चारों ओर दौड़े। लेकिन सीता को कहीं नहीं पाया। उनके शरीर के बाल खड़े हो गये और वह दुखी हो गये।

सर्ग–६१

अपशकुन का वर्णन

राम ने आश्रम से निकलकर बड़ी व्याकुलता के साथ लक्ष्मण से कहा; "ऐ लक्ष्मण ! तुम सीता को छोड़कर क्यों गये थे ?तुमको दूर देखकर मेरी आँख फड़की थी और मेरी भुजाएँ और हृदय फड़फड़ा रहे थे। मैंने उसी समय जान लिया।" लक्ष्मण ने भय के साथ कहा; मैंने स्वयं सीता को नहीं छोड़ा। उन्होंने जैसे ही आपकी जैसी आवाज सुनी कि मुझे बचाओ।

او با ضطراب مرا گفت برو برو من چند بار قبول نکردم و گفتم آن کیست که رام را خوفی رسا
ازین گفتار مرا بد گفتن و ملامت کردن گرفت و سفله گفت و گفت چرا برادر را محافظت نکنی
باز گفتم که چنان کسی نبوده و نخواهد شد که رام را در جنگ بکشد باز مرا سیتا از خشم چشم سرخ کرده
بگریه گفت ای خطا کار خطا در خاطر تست اگر برادر تو بمیرد مرا نخواهی یافت دریافتم که تو از حکم
بهرت بطریق دشمنی با رام میباشی که درینوقت مدد کار نمیشوی تو دغا بازانه برای من باشی
چون اینچنین از سیتا بشنیدم از آشرم بدر رد و دیدم رام گفت تو خوب نکردی زیرا که تو قوت
و طاقت من و کشتن راچهسان میدانستی تو مغلوب غصه گشته امر مرا بجا نیاوردی اینک ببین آن
راچهس را که بصورت آهو شده مرا از آشرم بیرون کشیده کشته افتاده است چون کشتم شکل آهو گذاشته
دارنده بازو بند شد و آن آواز کرد تو آنرا شنیده اینجا آمدی درینجا صورت جنگل و جانوران و رام و لچهمن و

دآهوی طلائی مرده و یکطرف آشرم



उन्होंने व्याकुल होकर मुझसे कहा ''जाओ जाओ।'' मैंने कई बार उनकी आज्ञा नहीं मानी और कहा ''वह कौन है जो राम को कोई हानि पहुँचा सकता है।'' इस पर वह मुझे बुरा भला कहने और निन्दा करने लगीं, कमीना कहा और कहा कि तुम क्यों भाई की रक्षा नहीं करते ?मैंने फिर कहा कि ''ऐसा न कोई हुआ है और न होगा कि राम को युद्ध में मारे।'' फिर सीता ने मुझे लाल आँखों से देखते हुए रो-रोकर कहा; ऐ पापी ! तेरे मन में पाप है। यदि तेरा भाई मर जायेगा तो तू मुझे भी न पायेगा। मुझे ज्ञात है कि तुम भरत की आज्ञा से शत्रु के रूप में राम के साथ रहते हो कि ऐसे समय उनकी सहायता न करे। तू मेरे लिये छल के रूप में रहता है।'' जब मैंने सीता की यह बात सुनी तो आश्रम के बाहर दौड़ गया राम ने कहा तुमने अच्छा नहीं किया क्योंकि तुम मेरी शक्ति और बल राक्षसों की हत्या करने में जानते थे। तुमने क्रोध से प्रभावित होकर मेरा आदेश नहीं माना। अब देखो उस राक्षस को कि हिरन का रूप धारण करके मुझे आश्रम से निकाल लाया था। अब मरा पड़ा है। जब मैंने उसे मारा तो हिरन का रूप छोड़कर वह राक्षस बन गया और वह आवाज निकाली जिसे तुम सुनकर यहाँ चले आये। वन और पशुओं का चित्र- राम और लक्ष्मण जा रहे हैं तथा सोने का हिरन मरा पड़ा है और एक ओर आश्रम है।



سرک آمدن باشرم بار دیگر رام باجهیدن چشم چپ و با نفاس شکسته بجسم لرزنده
باشرم آمده سیتا را بار بار آواز میداد و باز بسرعت بآرزوی دیدن سیتا بصد اضطراب شتابان
باشرم رسید مکانرا خالی یافت و چند غمناک شد جابجا تمام جن استهان را نظر کرد و چون
بی سیتا بیرونق یافت گویا درختان میگریند و گل و بار گرد آلوده اند و خوبی رفته و دیوتا
صحرا گذاشته اند همه جا را خالی دیده از غم و گریه زاری نموده گفت سیتا ریاضت کش مرا
کسی برد یا مرد یا خورد یا برای اثمار و گلها رفته در صحرا غایب شد یا برای نیلوفر رفته در دریا
افتاد از بیهوشی و دیوانگی از درختان پرسیدن گرفت ای درخت کدنب صاف برگ
اگر سیتا زرد پوش را دیده باشی بگو وای درخت بلو آنرا که پستانش مانند بلوست
اگر دیده باشی بگو ای درخت ارجن وای لگوبهه وای درخت تلک وای درخت آشوک
بزودی شوک یعنی غم من دور کن وای درخت چنبو یعنی نارنگی اورا که لب او برنگ بار تست
دیده بگو وای آهو اورا که چشم او مانند چشم تست اگر دیده بگو وای فیل آنرا که ران او
مانند خرطوم تست اگر دیده بگو وای شیر اگر اورا که از دهشت تو میترسد دیده بگو ای سیتا
چرا در درختان مخفی میشوی و دور دور میروی بایست مگر در تو مهر نیست و تو پیشتر
چنین هرزه خند طور نبودی چرا از دستور خود نمینمائی چرا میگریزی ایستاده شو بار دیگر
گفت آن خنده روا اینجا نیست هر آینه اورا چیزی خورد والبته آن خوش دندان خوش لب

सर्ग-६२

आश्रम में राम का आना

पुनः राम बाईं आँख फड़कती हुई, टूटी सांसों और काँपते शरीर के साथ आश्रम में पहुँचे। वह सीता को बार-बार पुकार रहे थे और फिर शीघ्रता से सीता को देखने की इच्छा में व्याकुलतापूर्वक इधर-उधर पहुँचते थे और घर को खाली देखकर पहले से अधिक दुखी हो जाते थे। समस्त जन स्थान को देखते थे और वीरान कुटिया को सीता के बिना तेज हीन पाते थे। मानों वृक्ष रो रहे हों और फूल पत्ते मिट्टी से भरे हैं देवताओं ने वन छोड़ दिया है। समस्त स्थान को खाली देखकर दुख के कारण विलाप करते हुए कहते थे। मेरी तपस्विनी सीता को कोई उठा ले गया या वह मर गई या किसी ने खा लिया या फलों या फूलों के लिये वन में जाकर खो गयी या नीलोफर के लिए नदी में जाकर डूब गयी। राम अचेतन अवस्था और मानसिक सन्तुलन ठीक न होने के कारण से वृक्षों से पूछने लगते हैं कि ऐ स्वच्छ पत्तों वाले वृक्ष कदम्ब! यदि तुमने पीला वस्त्र धारण किये सीता को देखा हो तो बताओ। ऐ विल्व (बेल) वृक्ष। जिसका स्तन बेल के समान है, यदि तुमने देखा हो तो कहो और ऐ वृक्ष अर्जुन। ऐ ककूकह। ऐ तिलक वृक्ष और अशोक वृक्ष ! शीघ्र मेरा दुख दूर करो और ऐ चम्पू वृक्ष अर्थात् नारंगी ! जिसके होंठ तेरे रंग के समान हैं यदि उसे देखा हो तो बताओ। और ऐ हिरन जिसकी आंखे तेरी आँखों जैसी हैं यदि देखा हो तो बताओ और हे हाथी जिसकी जांघे के समान कोमल है यदि उसे देखा हो तो बताओ और ऐ शेर ! यदि उसे जो तुझसे भयभीत होती है यदि देखा हो तो बताओ। ऐ सीते ! तुम क्यों वृक्षों में छिपी हो और दूर-दूर जाती हो। संभवतः अब तुम में प्रेम नहीं रहा और तुम पहले तो ऐसी नहीं थीं क्यों तुम अपना रूप नहीं दिखलाती हो ?क्यों भागती हो ?खड़ी क्यों नही होती, पुनः कहा, वह यहां नहीं है वास्तव में उसे राक्षस ने खा लिया है। अवश्य वह सुन्दर दाँतों वाली सुन्दर होंठ वाली,

خوش بینی خوش طور باروئی مانند قمر غایب شد و آن برنگ چینک و نازک غزیزه مرا کسی خورد
و یا بغیر من دردام را چهسان افتاد بدین آئین اضطراب کنان از صحرا بصحرا میگذشت
جای میدوید و جای بیهوش میشد جای مانند مست افتان و جای نظر کنان جای دوان
و جای نعره زنان جای آهسته گویان میرفت صحراها و دریاها و کوه‌ها و جای برآمدن آب
بجست و باز بلچهمن گفت ای لچهمن تو سیتا را بجو و مرا زود آمده بگو بدین آئین نوحه کنان
با دل بریان و دیده گریان در هر جا بگذشت درینجا صورت رام و لچهمن و پرن شالا و صورت جنگل و درختان
و آهوان و شیران و طاوس و غیران



अच्छी नाक वाली, अच्छे कार्य करने वाली और चाँद जैसे मुख वाली गायब हो गयी। और मेरी इस चंग के रंग वाली और कोमल प्रिया को किसी ने खा लिया या वह मेरे बिना राक्षसों के जाल में फँस गयी। इसी प्रकार चिन्ता और व्याकुलता प्रकट करते हुए एक वन से दूसरे वन में जा रहे थे। कहीं दौड़ते थे कहीं बेहोश हो जाते थे, कहीं मस्तों की भाँति गिरते पड़ते, कहीं देखते हुए, कहीं दौड़ते हुए, कहीं नारा लगाते हुए और कहीं धीरे बोलते हुए चले जा रहे थे। वन, नदी, पर्वत और तालाबों पर ढूँढ़ते और फिर लक्ष्मण से कहते थे। ''ऐ लक्ष्मण ! सीता को ढूँढ़ो और मुझको शीघ्र आकर बतलाओ।'' इसी प्रकार शोक करते हुए, जलते हुए दिल और रोती हुई आँखों के साथ वह हर जगह जाते थे।

राम, लक्ष्मण और पर्णशाला का चित्र-और वन, वृक्ष, हिरनों, शेरो और मोर आदि का चित्र।



سرکت دیدن پرن شالا رامچندر جن استهان و پرن شالا وغیره را خالی از سیتا دید

بمسکینی و غریبی بلچهمن گفت سیتا را کدام سو گذاشتی و کدام کس خورد میدانم که او را چهینیے برد

برد و کشت و پاره کرد و بخورد حالا بدین جهت ما را با راچهسان جنگ کلان واقع میشود از کشتن

سیتا راچهسان عداوت کلان با من کردند بدین نوع از آشرم یک کروه بگذشت دید که اسلحه آراسته

و کار هائی جنگ بر زمین افتاده رامچندر آن را نظر کرده بلچهمن نمود که این کمان که از مروارید

و کوچ یعنی زره آفتاب وار از بیدرویه مرصع افتاده و چتر که با مالاها و صد شلاکها زیباست

و خرها با رسن زرین و لباس پشاج و تیرها با کنکنی یعنی زنکوله وغیره بر زمین افتاده انداز کیست حالا دانستم

که البته سیتا مرده و هوشم برد و پدرم دشرته بنظر می آید آثار مرگ مرا مینماید و پدر در عاقبت مرا دوبک یعنی لعنت

خواهد گفت که از غم طپیده و از مطلب و ربوده مرا سیتا بگذاشت و آنجوبه من چه شد چنانچه شعاع مهر بغروب رود

در ینجا صورت رام و لچهمن و رتهه معه خران کشته افتاده و سایه کش زرین افتاده و صورت صحرا و پرن لا



सर्ग-६३

पर्णशाला को देखना

रामचन्द्र ने जन स्थान और पर्णशाला आदि को सीता के बिना देखकर दुखी और विवशता के साथ लक्ष्मण से कहा ''तुमने सीता को किस ओर छोड़ा और किसने उन्हें खाया ?मैं जानता हूँ कि उनको वही राक्षस ले गया और मारकर टुकड़े-टुकड़े करके खा गया। अब राक्षसों के साथ भयंकर युद्ध होगा। सीता को मारने से राक्षसों ने मुझसे बड़ी शत्रुता कर ली है।'' इस प्रकार आश्रम से एक कोस आगे बढ़ गये देखा कि हथियार और युद्ध सामग्री पृथ्वी पर पड़ी है। रामचन्द्र ने उन्हें देखकर लक्ष्मण को दिखलाया कि यह धनुष मखारीद से सुसज्जित है, सूर्य के समान चमकती हुई सुसज्जित कवच और रत्नों से जड़ा हुआ ताज सुन्दर है और गधे सुनहरी रस्सियों और रेशमी वस्त्रों के साथ और बाण आदि पृथ्वी पर पड़ा है। यह किसके हैं अब मैंने समझा कि सीता वास्तव में मर चुकी हैं। मेरा बुद्धि विवेक ले गयी, और मेरे पिता दशरथ मुझे दिखाई दे रहे हैं। मुझे मौत दिखाई देती है। पिता परलोक में मुझसे धिक्कार भेजेंगे कि दुख से तड़पते हुए और अपने उद्देश्य से दूर पड़े हुए मुझको सीता ने छोड़ दिया। वह मेरी प्रेमिका क्या हुई जैसे कि सूरज की किरणें अस्त हो जाती है।

राम लक्ष्मण का चित्र और रथ गधों के साथ पड़ा हुआ है और सुन्दर छतरी पड़ी हुई है और वन और पर्णशाला का चित्र।

سرگ غم رام بعد از انکه رآم غمزده با سیتا ملاقی نشد مانند فیل بگل فرو مانده دم ها می کشید
لچهمن بطریق تسلی میگفت که اضطراب مکنید تدبیر باید تمام صحرا بجوئیم شاید که برای نیلوفر و گلها رفته
یا در دریا آمده باشند غمگین مشو آخرش رآم و لچهمن هر دو بجست و جو مقید شدند چنانکه صحرا ها
و کوهها و قله ها و کوه و غار ها همه جا تلاش کردند لیکن سیتا را نیافتند ناچار رآم بلچهمن گفت
من سیتا را نمی یابم لچهمن گفت تو آن دختر جنک را بیابی چنانچه آتشمن راجه بل را بسته
تمام زمین از و بگرفت رآم از غمگینی و بیکسی گفت همه صحرا و کوه ها جستیم لیکن از سیتا
نشان نیافتیم بدین آئین رآم از هجر سیتا تا بصورت بیهوش شد و دیوانه طور دم سرد
کشیدن گرفت و بشور تمام ای عزیزهٔ من میگفت و لچهمن دست بسته انواع انواع تسلی
میکرد و رام بخاطر نمی آورد و از مسکینیت و غربت و تنها بر داشته شور کرده میگفت راجه
هر سه لوک را که اندر شوهر شچی است خراب میکنم مگر عورت مرا برائی بازی برده باشد ای لچهمن
زود بر کنار دریائی منداکنی برو و خبر بیار شاید که برای نیلوفر در انجا رفته باشد لچهمن بسرعت
بر آن دریا رفت و تجسس نمود و نبود آمده برآم گفت در تیر به دیدم و آوازها دادم کسی جوابی نمیدهد
معلوم نیست که سیتا کجاست و منداکنی میگوید که راون نامی برای هلاک کردن جهانیان
برده این سخن را سیتا به نیلوفرها گفته رفت که برام بگوئید رام این سخن شنیده خود بر منداکنی
رسید و پرسید که سیتا کجاست منداکنی از خوف کار و صورت راون یاد کرده با رام

सर्ग-६४

राम का दुःख

इसके बाद दुखी राम की सीता से भेंट नहीं हुई। वह दलदल में फँसे हाथी के समान ठण्डी आह भरते थे और लक्ष्मण सांत्वना के रूप में कहते थे कि ''चिन्ता न करें, योजना बनाइये। हम सारे वन में ढूढेंगे। हो सकता है कि नीलोफर और फलों के लिये गयी हो या नदी पार कर गयी हों, दुखी न हो'' अन्त में राम और लक्ष्मण दोनों ढूँढ़ने में लग गये। अतः वन, पर्वत, पर्वत की चोटियों और गुफाओं प्रत्येक स्थान पर ढूंढ़ा लेकिन सीता को नहीं पाया। विवश होकर राम ने लक्ष्मण से कहा; ''मैं सीता को अब नहीं पाऊँगा।'' लक्ष्मण ने कहा; आप जनक की उस पुत्री को अवश्य पायेंगे। उसी प्रकार जिस प्रकार विष्णु ने राजा बलि को बाँधकर समस्त पृथ्वी उससे ले ली थी।'' राम ने दुख और दीनता से कहा; हमने सारा वन और पर्वत ढूँढ़ लिया लेकिन सीता को कहीं नहीं पाया। इस प्रकार राम सीता के वियोग में कुछ समय के लिये बेहोश हो गये और पागलों के समान आह खींचने लगे और तेज आवाज से ''ऐ मेरी प्रिय'' कहते थे कि मैं तीनों लोक के राजा जो लालची पति इन्द्र है उसको नष्ट कर दूँगा। संभवतः वही खेलने के लिए मेरी पत्नी को ले गया होगा। ऐ लक्ष्मण ! तुम शीघ्र मन्दाकिनी नदी के किनारे जाओ और सूचना लाओ। संभवतः वह वहाँ नीलोफर के लिये गयी हो। लक्ष्मण शीघ्र उस नदी पर गये और सीता की खोज की। लेकिन वह वहाँ नहीं थी। वापस आकर राम से कहा; मैंने तीर्थ में देखा आवाज़ें दी लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। मालूम नहीं सीता कहाँ हैं और मन्दाकिनी कहती है कि रावण संसार वालों की हत्या करने के लिये ले गया है। यह बात सीता नीलोफर से कहती हुई जाती थी कि राम से कह देना। राम यह बात सुनकर स्वयं मन्दाकिनी पर पहुँचे और पूछा कि सीता कहाँ हैं ?मन्दाकिनी ने परिणाम के भय से और रावण का रूप याद करके राम से सीता की कोई सूचना नहीं दी।

هیچ خبر سیتا نگفت رام نا امید برگشته بلچهمن گفت من با همه اقربا و برادران و با مادر سیتا
چه خواهم گفت آن سیتا که با من از راج افتاده در جنگل با ثمار صحرا قناعت نموده غم مرا دور میکرد
کجا رفت و او را اگر نخواهم دید تمام شب از بیداری بیقراری چون روز محشر دراز خواهد شد
از کنار هند اگنی و جن استبهان و این کوه اگر سیتا را نه بنیم زودم لچهمن گفت سیتا درینجا نیست
مضطرب مشوید از تامل تدبیر کنید و گرنه من و تو هر دو هلاک خواهیم شد بدین آیین با یکدیگر گویان
هر دو برادر بر زمین افتادند بعد از آن کلبا را دیده رام بلچهمن گفت میدانم که سیتا برای
کلها رفته باشد بدینگونه غم کرده از کوه بغصه گفت اگر نشان عورت مرا نمیدهی ترا با کوه و نواح تو
میسوزم و از تیرها استر خاکستر میکنم و آب و گیاه و درخت تو هیچ نماند و با لچهمن گفت این دریارا
خشک میکنم که سیتا ماهروی مرا نشان نمیدهد بدین روش از غصه و غم میطپید که ناگاه نشان
پای راچهس سیتا بر زمین بدید باضطراب تمام بلچهمن گفت اینک قدم راچهس و سیتا در کوه
نیست بر کوه بیجا غصه کردم لچهمن آن قدم خوفناک را بنگرید بعده رام کمان برکشید
گفت اگر جم با قبیله خود بیاید و مرگ هم با قربا خود برسد اگر تو عقب من باشی هیچکس از عهده
نتواند برآمد اکنون قوت و زور مرا هر سه لوک می بینند که از تیرهای من دیوتاها پاره پاره
شده می افتند هرگاه من از غصه کمان مطابق خواهش برکشم تمام لوک را خالی از راچهسان
به بینی حالا از رفتن سیتا آتش غم مشتعل شده مانند داوا اگنی که در کوه شود اگر ابلیه من

राम ने निराश होकर लक्ष्मण से कहा मैं अपने सम्बन्धियों, भाईयों और माता से सीता के विषय में क्या कहूँगा ?वह सीता जो राज्य से दूर होकर और वन में जंगली फलों पर संतोष करते हुए मेरा दुख दूर करती थी कहाँ चली गयी ?और यदि मैं उसे नहीं देखूंगा तो पूरी रात्रि व्याकुल एवं अनिन्द्रा के कारण प्रलय की भाँति लम्बी हो जायेगी। मैं मन्दाकिनी के तट से और उस जन स्थान और उस पर्वत से यदि सीता को नहीं देखूंगा तो नहीं जाऊँगा। लक्ष्मण ने कहा; ''सीता उन स्थानों पर नहीं हैं। आप चिन्तित न हों। हम विचार करके उपाय निकालेंगे अन्यथा मैं और आप दोनों मर जायेंगे। इस प्रकार की बातें करते हुए दोनों भाई धरती पर पड़ गये। उसके बाद राम ने फूलों को देखकर लक्ष्मण से कहा ''मैं जानता हूँ कि सीता फूलों के लिये पर्वत पर गयी होगी। इस प्रकार दुखी होते हुए क्रोध से पर्वत से कहा। यदि तुम मेरी स्त्री का पता नहीं बताओगे तो मैं तुम्हें तुम्हारे आस पास समस्त को जला डालूँगा और बाणों से धरती पर गिरा दूँगा और तुम्हारा जल, घास और वृक्ष कुछ नहीं रहेगा। और लक्ष्मण से कहा ''मैं इस नदी को सुखा दूंगा जो मेरी सीता का पता नहीं देती। इसी प्रकार वह क्रोध के कारण उत्तेजित हो रहे थे कि अचानक उन्होंने राक्षस और सीता के चरणों के निशान धरती पर देखे और बड़ी व्याकुलता से लक्ष्मण से कहा; यह रहे राक्षस और सीता के पाँव के निशान। वह पर्वत में नहीं है, मैंने पर्वत पर अकारण क्रोध किया। लक्ष्मण ने वह भयानक पाँव देखा इसके बाद राम ने धनुष खींचते हुए कहा यदि जम भी अपने क़बीले के साथ आये और मृत्यु भी अपने सम्बन्धियों के साथ पहुँचे। यदि तुम मेरे साथ रहोगे तो कोई भी हमसे युद्ध में विजयी नहीं हो सकेगा। अब मेरा बल और शक्ति तीनों लोक देखेंगे कि मेरे बाण से देवता भी टुकड़े-टुकड़े होकर गिर पड़ेंगे। जिस समय मैं क्रोध से इच्छानुसार धनुष खीचूँगा तुम सारे लोक को राक्षसों से खाली पाओगे। इस समय सीता के जाने से मेरे दुख की अग्नि किसी पर्वत के ज्वालामुखी के समान भड़क उठी है। यदि मेरी पत्नी दिखाई नहीं देती है तो मैं यक्ष, गन्धर्व, राक्षस और सारे लोगों को नष्ट कर दूँगा।

دیده نشود چچه وکند هرپ وراچهس و تمام را برهم میزنم درینجا صورت دریا منڈا

ویکطرف صورت کوه و جنگل و درختان و اهوان و خرسان و خرگوش و نیلگاو و بطرف بالا کوه و بطرف

پائین دریا و دران ماهیان وغیره و در سبزه رام و لچهمن غمین نشسته و در جای نشان قدم را چهس و ستیا



मन्दाकिनी नदी का चित्र- एक ओर पर्वत, वन, हिरनों, वृक्षों, खरगोशों और नील गायों का चित्र, पर्वत के ऊपर की ओर नीचे नदी है। उसमें मछलियाँ आदि हैं और घास पर राम और लक्ष्मण दुखी बैठे हुए हैं और एक स्थान पर राक्षस और सीता के पाँव के चिह्न हैं।



سرگ اضطراب بدین آئین رام از غم رفتن سیتا طپیده کمان در دست گرفته چنان
نمودار میشد که برائی کشتن راجه دچهه مهادیو باشد غصهٔ رام را بدین طور دیده لچهمن
دست بسته با دهن خشک بر زبان آورد تو پیشتر خیرخواه خلق الله و نرم دل
بوده سزاوار خشم نیستی ماه روشنی خود را گذارد و آفتاب شعاع را و باد رفتن را
و زمین حلم را تو کیرت خود را نگذاری و گفتهٔ مرا که راست بود سیتا نشنید و مرا نالائق
سخنان گفت من جواب نتوانستم داد از بار بار گفتن سیتا پیش تو رسیدم و این نمیدانم
که این رتهه شکسته افتاده کیست و اسلحه و پیرایه کدام کس است و قطرات خون که بر زمین افتاده
است این جنگ با کسی راجه شده اما تنها معلوم میشود دویمی نیست و لشکر بسیار هم معلوم نمیشود
و تو برائی هلاک یک کس بهلاکی عالم سزاوار نه میباید که هر یک را موافق گناه سزا دهی هرگاه تو
پناه عالم باشی چگونه همه را کشی و ترا باید که با دریا و کوه و دیوتا و گندهرب و دانو
بد نکنی که دیچهار تو چنین است کسی که سیتا را گرفته او را تفحص کن و همراه منم و الا سمندر را
خشک کنیم و کوه و صحرا را برهم زنیم و دیوتا و گندهرب را بکشیم اگر سیتا ترا بوجه نیک
نخواهد رسید بعد از آن لوک ها را از تیرها برهم زنی چنانچه آندر از بجگر سرگ غم رام
چون لچهمن اینچنین گفت رام قبول کرد و در آن صحرا روان شد تیر و کمان بدست گرفته
و شمشیر بسته میرفت و لچهمن عقب بود و رام از بیهوشی و غم و گرسنگی و تشنگی بی آرام بود

सर्ग-६५

व्याकुलता

इस प्रकार सीता के जाने के दुख में राम व्याकुल और चिन्तित हाथ में धनुष लिये हुए इस प्रकार प्रकट हो रहे थे जैसे कि राजा व दक्ष को मारने के लिये महादेव होते हैं। राम का इस प्रकार का क्रोध देखकर लक्ष्मण ने करबद्ध सूखे मुख के साथ कहा; ''आप पहले भगवान के बनाये जीव जन्तु के शुभचिन्तक और कोमल हृदय वाले रहे हैं, आपको क्रोध शोभा नहीं देता है। चन्द्रमा अपना प्रकाश छोड़ सकता है, सूर्य अपनी किरणों को छोड़ सकता है, हवा बन्द हो सकती है और धरती अपने बोझ से वृत हो सकती है लेकिन आप अपने स्वभाव को नहीं छोड़ सकते हैं। मेरी बात जो सत्य थी, सीता ने नहीं सुनी और मुझे बुरा भला कहा। मैं उत्तर नहीं दे सकता था। सीता के बार-बार कहने से मैं आपके पास पहुँचा था। मैं नहीं जानता कि यह टूटा हुआ पृथ्वी पर पड़ा हुआ रथ किसका है ?और यह हथियार और वस्त्र किसके हैं और यह रक्त की बूँदें जो पृथ्वी पर पड़ी हुई हैं किसकी हैं। यह किसी राजा के साथ युद्ध हुआ है ?वह अकेला मालूम होता है, दूसरा कोई नहीं है। और बहुत अधिक सेना भी नहीं प्रतीत होती है और एक व्यक्ति की हत्या के लिये सारे संसार को नष्ट करने के भागीदार नहीं हैं। चाहिए कि हर एक को उसके पाप के अनुसार दण्ड दें। जब आप संसार के संरक्षक हैं तो कैसे सबकी हत्या करेंगे ?और आपको चाहिए कि आप नदी, पहाड़, देवता, गन्धर्व और दानव के साथ बुराई न करें क्योंकि आपका व्यवहार ऐसा ही है। जो सीता को ले गया है उसे ढूँढ़े और मैं आपके साथ हूँ अन्यथा हम समुन्द्र को सुखा देंगे। पर्वत और वन को नष्ट कर देंगे तथा देवता और गन्धर्व को मार डालेंगे। यदि सीता आपको अच्छी तरह नहीं मिल सकी तो उसके बाद आप समस्त लोक को बाणों से नष्ट कर डालियेगा जैसे कि इन्द्र राम के दुख के वज्र से किया।'' जब लक्ष्मण ने यह बात कही तो राम ने उसे स्वीकार किया और उस वन की ओर चले। हाथ में धनुष बाण लेकर और तलवार बाँधकर चल रहे थे। लक्ष्मण उनके पीछे थे और राम बेहोशी, दुख, भूख प्यास के कारण चिन्तित थे

ناکاه بلچهمن کفت من میدانم که راچهسی سیتارا کرفته در هوا رفته است و درینجا نشان رفتن او
معلوم نمیشود و لچهمن از کدام کس پرسم و بکدام طرف بروم آنطرف نمیدانم که بدانسو سیتارا
کرفته برده است لچهمن کفت اکر پنڈت یعنی عالم دانا را تصدیع رود بداز عقل آنرا بکذراند
واکر نادان را رود بد مانند سنک در آب غرق شود و بخود در ماند و خراب میشود و از غم
خلاص نمیکردد تو عاقل هستی چرا مانند نادانان برائی عورتی بیهوش میشوی رام کفت آنچه
میکوئی درهمین تدبیر سعی میکنم سرکفتار رام بار دیکر رام بلچهمن کفت از روئی غربت و دهرم
راج و مادر و پدر را کذاشته در دندکارن آمدم از بجا آوردن امر پدر مطلب دهرم بود
از رفتن سیتا محافظت دهرم نمیشود سیتا را کسی خورد یا کرفته برد کدام کس مطلب من برآرد
منکه زدم دلم و بدخواه همکنانم و مهربان خاطرم دیوتا ها مرانجا طرحی آرند و چون که کیرنده یا خورنده
سیتا را ببینم خیریت لوک ست والا نه دیوتا نه کندهرپ و نه پشاج و نه راچهس و نه کنر
آرام نیابند اکر سیتا زنده است خیریت لوکها ست وکرنه همه لوکها را مرده بدان
د بغیر سیتا بصورت هم نخواهم زیست و بعد مردن من هر سه لوک با چر و اچر مرده بدانکه
وزور استر مرا ببین هر سه لوک را از فلک بر می اندازم و انجم و آفتاب را
دور میکنم و باد و آتش و قمر را می افکنم و کوه ها بشکنم و دریا ها و تالاب ها خشک کنم
و درختان وغیره می برم واز تیرهائی مانند آتش جهانی را خالی از آدمی میکنم اکر سیتا را

अचानक उन्होंने राम से कहा मैं जानता हूँ कि एक राक्षस सीता को लेकर हवा में गया है। इस स्थान पर उसके जाने का कोई चिह्न नहीं मिलता है और लक्ष्मण मैं किससे पूँछू और किस ओर जाऊँ ?इस ओर मैं नहीं जानता हूँ कि वह सीता को लेकर किधर गया है ?लक्ष्मण ने कहा; यदि पंडित को कठिनाई आती है तो वह उसे बुद्धि से हल करता है और यदि किसी मन्द बुद्धि को कोई कठिनाई आती है तो वह पत्थर के समान नदी में डूब जाता है तथा स्वयं थक जाता है और नष्ट होता है एवं दुख से उबर नहीं पाता है। आप तो बुद्धिमान हैं। क्यों आप, मूर्ख के समान एक स्त्री के लिये बेहोश हो जाते हैं। राम ने कहा जो कुछ तुम कह रहे हो मैं, उसी का प्रयास कर रहा हूँ।

सर्ग–६६

राम की वार्ता

पुनः राम ने लक्ष्मण से कहा ''मैं धर्म के आधार से राज्य और माता पिता को छोड़कर दण्डकारण्य में आया। पिता की आज्ञा मानने में धर्म का पालन उद्देश्य था। सीता के जाने से धर्म की रक्षा नहीं होती है और सीता को कोई खा गया या पकड़कर ले गया। कौन मेरा उद्देश्य पूरा करेगा ?मैं जो कि कोमल हृदय वाला हूँ और सबका भला चाहने वाला हूँ, दयालु हूँ देवता मुझे कुछ नहीं समझते। यदि मैं सीता को पकड़ने वाले या खाने वाले को देखूँगा तभी लोक की कुशलता है अन्यथा न देवता न पिशाच, न राक्षस और न कज़ कोई शान्ति से नहीं रहेगा। यदि सीता जीवित है तो समस्त लोक को मरा हुआ जानो। सारे लोक को मरा हुआ समझो और बिना सीता के एक क्षण भी जीवित नहीं रह सकता, मेरे मर जाने के बाद तीनों लोक सब मर जायेंगे। मेरे अस्त्र का बल देखो, मैं तीनों लोक को आकाश से नीचे फेंक देता हूँ, तारों और सूर्य को दूर कर देता हूँ तथा वायु, अग्नि, चन्द्रमा को फेंक देता हूँ। पर्वतों को चकनाचूर कर देता हूँ, नदी व तालाब को सुखा देता हूँ, वृक्षों आदि को काट देता हूँ और अग्नि के समान बाणों के द्वारा संसार को मनुष्यों से खाली कर देता हूँ।

بخیریت والیان لوک نمیدهند همین زمان زور مرا می بنیند که از تیر های من آسمان
بزمین می افتد و عالم برهم میشود و جهان را از پشاچ و راچس خالی میکنم چنان خشم
می آید که تمام فلک را پر از تیر ها نمایم چنانچه پیری و موت و وقت و طور بر نمیگردد
همچنان تیر های من بار دیگر لچهمن گفت قدری تامل کن و بر کسان رنج مرسان
راجه ججاتی از عمل نیک به اندرلوک رفت و باز بر افتاد راقم ترجمه گوید این افسانه در
آدپرب مهابهارت مذکور است اگر خواسته خداست در اوترکاند این را این هم
مذکور خواهد شد و هم راجه سودرسن صد پسر پروهت را کشت این دنیا که والده جهان
و نمسکار کرده همه است روش این درین زمین بر وقت خود بر میگردد و این مهر و ماه
که چشمهای جهان اند اینها را هم خسوف و کسوف میشود و از بزرکان و دیوتا هیچکس را
رهائی نیست اگر سیتا مرد یا کسی برد تو بغم کردن سزاوار نه چنانچه نادان و مثل تو کسانی
که همه را یکسان می بینند غم نمیکنند مغز سخن را بفهم که دانایان نیک و بد را از عقل خود دور میکنند
در پیش آمدن شادی شاد و از رسیدن غم دلتنگ نمیشوند و تو مرا خود بدینسان بسیار
نصیحت کرده لهذا ایاد میدهم و ترا نصیحت نمیکنم و ترا که آموزد تو مانند برسپت یعنی مشتری
هستی عقل تو عالی تر و عقلا را غم نمیباشد و تو دب استر داری و باشکوه اچهوا کو در کشتن
دشمن مستعد میشوی ترا کشتن همه را چکار است آن را بکش که سیتا را برد چون لچهمن چنین گفت

यदि लोक के शासक सीता को कुशलपूर्वक वापस नहीं करते तो अभी इसी समय वह मेरी शक्ति देखेंगे कि मेरे बाणों से आकाश धरती पर आ गिरेगा और संसार नष्ट हो जायेगा। संसार को पिशाच और राक्षस से रिक्त कर दूँगा मुझे ऐसा क्रोध आयेगा कि समस्त आकाश को बाणों से भर दूँगा और जिस प्रकार परी, मृत्यु, समय और युग नहीं लौटता है। उसी प्रकार मेरे बाण भी नहीं लौटेंगे। पुनः लक्ष्मण ने कहा ''थोड़ा सोचिये और लोगों को कष्ट मत पहुँचाइये। राजा ययाति अपने अच्छे कर्मों से इन्द्रलोक चला गया और फिर गिर पड़ा।'' अनुवादक कहता है कि कथा आदि पर्व महाभारत में लिखित है यदि ईश्वर ने चाहा तो उत्तरकाण्ड में यह रामायण भी लिखित होगी। तथा राजा सुदर्शन ने पुरोहित के सौ पुत्रों को मार डाला। यह पृथ्वी जो संसार की माता है और जिसे आपने नमस्कार किया सब यही है उसकी चाल इस धरती में अपने समय पर घूमती है। यह सूर्य चन्द्रमा जो संसार की आँखें हैं उन पर ग्रहण होता है और वरिष्ठ लोगों तथा देवताओं में से किसी को छुटकारा नहीं है। यदि सीता मर गयी या उन्हें कोई ले गया तब भी आपको ऐसे दुखी होने की आवश्यकता नहीं है जैसे कि मूर्ख लोग दुख करते हैं। बात का अर्थ समझे कि बुद्धिमान लोग अच्छे व बुरे को बुरे को बुद्धि के द्वारा हल करते हैं। प्रसन्नता मिलने से प्रसन्न और दुख के मिलने से हृदय प्रभावित नहीं होते हैं। आपने स्वयं मुझे इस प्रकार की बहुत सी शिक्षा दी है। अतः वह मैं आपको याद दिलाता हूँ। आपको शिक्षा नहीं देता हूँ और फिर आपको भला कौन सिखायेगा। आप तो बृहस्पति अर्थात् मुशतरी के समान हैं आपकी बुद्धि अत्यन्त तीव्र है और बुद्धिमानों को दुख नहीं होता है। और आप दिव्य अस्त्र रखते हैं और इच्छवाकु के प्रताप के कारण हत्या करने में तत्पर रहते हैं। आपको समस्त लोगों के वध से क्या तात्पर्य है उसका वध कीजिये जो सीता को ले गया है'' जब लक्ष्मण ने यह बात कही

رام از برهم زدن جهان عقل را باز داشت و سیتا را یاد کرده دم ها سرد میکشید و گفت
درینجا هم صورت جنگل و درختان و طایران و آهوان و شیر و خرگوش
و دیگر وحوش و رام و لچهمن غمگین طور آه سرد میکشند و میروند



तो राम ने संसार को नष्ट करने का विचार, बुद्धि के द्वारा, दूर रखा और सीता को याद करके आह खींचते हुए कहा।

यहाँ भी वन, वृक्षों, पक्षियों, हिरनों, शेर, खरगोश और दूसरे पशुओं का चित्र है और राम लक्ष्मण दुखी।



پس رام از گفتهٔ لچهمن غصه را فرو خورده گفت پس من چکنم و کجا روم فکر بکن چطور
سیتا را ببینم لچهمن گفت همین جن استهان را که درینجا راچهسان میباشند و درختان
بسیار اند باز تفحص کن کوها اند و غارها اند کندرا و نرجهرا اند و کندهر پاین و کنهران وغیره میباشند
باز جست و جو کن مثل تو عاقل داننده آتما در غمها بتغیر از نمیشود و بعد ازان رامچند تیر بکمان آورده
با لچهمن تفحص کنان در صحرا روان شدند ناگاه جتایو کده را نظر کرد که بال او شکسته و مانند کوه
زخمی شده بر زمین افتاده رام بلچهمن گفت این راچهس بصورت کده شده درینجا میماند
همین سیتا را خورده است درین شبه نیست این را از تیر میکشم چنانچه اندر از غصه بجر فرو هشتند
بو وجن را بزند این بگفت و از غضب تیر در کمان کرد چنانچه زمین تا سمدر در لرزه آمد جتایو
که کف بر دهان آورده قی خون میکرد گفت ای رام ای رام آن دوا را که باعث آرام عمر تست
درین صحرا میجوئی آن را و جان مرا هر دو را آن راچهس برد یعنی سیتا را چون دیدم که میبرد
من آن را دیده بجنگ پیش آمدم رتهه و چتر او را شکسته مضطرب بر زمین انداختم اینک
وهو جا شکسته و تیرهای او اینجا بجنگ با او پرداختم و از پرها و ناخن و منقار وجود او را
مجروح ساختم و او پر و بال مرا شکست و مرا بزد تو دیگر مرا مکش رام ماجرای سیتا را ازو
شنیده او را بار بار تسلی میداد و بلچهمن میگفت از راج افتاده ام و بودن صحرا کردیم و سیتا رفت
و پدر مرد اگر یکی ازین تصدیعها بر کسی بود سمدر را خشک کند چه جای آنکه همه یکجا شوند اگر بدر باشکو

सर्ग-६७

राम की वार्ता

